सुविचार

सूरज नहीं चाँद तारे
संगीत चित्र भी नहीं
कविता से भी सुंदर
लगता है मनुष्य।
- नवीन सागर

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 132 ● मुंबई, गुरुवार 09 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### वाहन चालकों से की समझाइश, वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न चौराहा पर वाहन चालकों के साथ समझाइश की। साथ ही रिफ्लेक्टर अभियान की शुरुआत की गई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। परिवहन निरीक्षक विपिन माहेश्वरी ने आधार फाउण्डेशन के सहयोग से रिफ्लेक्टर अभियान की शुरुआत कर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान वाहन चालकों को फर्स्ट रिस्पांडर की ट्रेनिंग भी दी गई और गोल्डन हॉवर्स का महत्व बताया। केंद्र सरकार द्वारा नीति में परिवर्तन करते हुए गुड सेमेरिटन अवार्ड राशि में इजाफा करते हुए 5000 रुपये से बढ़ाकर 10000 रुपये किया गया है। इस अभियान में आधार फाउण्डेशन के नारायण चौधरी सहित अन्य विभागीय कार्मिक एवं जागरूकजन अपना सहयोग दे रहे है।

### पंचकर्म शिविर का समापन, अग्निकर्म चिकित्सा शिविर में रोगी हुए लाभान्वित

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार में आयोजित पांच दिवसीय पंचकर्म शिविर का समापन समारोह अतिरिक्त निदेशक कृपा संत, उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट, डॉ. मुख्तियार सिंह और डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि इस पंचकर्म शिविर के दौरान बड़ी संख्या में रोगियों ने लाभ उठाया और उन्होंने अपने स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार के अनुभव साझा किए। शिविर के अंतिम दिन अग्निकर्म विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अग्निकर्म के माध्यम से दर्द संबंधी बीमारियों का उपचार कर रोगियों को त्वरित राहत प्रदान की। यह पंचकर्म शिविर आयुर्वेद की प्राचीन और वैज्ञानिक पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सफल प्रयास रहा। शिविर में डॉ शैलेंद्र शर्मा, डॉ ज्योति सिंह देवल, डॉ संजय माहेश्वरी, डॉ कविता, नर्स इंदिरा डामोर, वंदना शक्तावत, रुक्मणी गायरी, कविता गुर्जर, कंचन कुमार डामोर, चंद्रेश परमार, हेमंत पालीवाल, भगवतीलाल लोधा, परिचारक गजेंद्र आमेटा, देवीलाल मेघवाल, लालूराम गमेती ने अपनी सेवाएं दी।

### विशेष योग्य बच्चों और आश्रित माता-पिता के नाम भी जुड़ेंगे पेंशन भुगतान आदेश में

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** वित्त विभाग की अधिसूचना के तहत राजस्थान सिविल सेवा के पेंशन नियम 1996 में नया उप नियम 8 जोडा गया है जिसमें स्थायी रूप से विशेष योग्य बच्चे या बच्चों तथा आश्रित माता पिता और विशेष सहदरों के नाम भी पेंशन भुगतान आदेश में अंकित किए जाएंगे। इस संबंध में पेंशन विभाग की अतिरिक्त निदेशक भारती राज ने संभाग के समस्त विभागाध्यक्षों-कार्यालयाध्यक्षों को पेंशन विभाग को प्रेषित किए जाने वाले पेंशन प्रकरणों में स्थायी रूप से विशेष योग्य बच्चे या बच्चों तथा आश्रित माता-पिता और विशेष सहदरो के नाम अंकित कर भिजवाने को कहा है, ताकि नियमानुसार पेंशन भुगतान आदेश में उनका नाम अंकित किया जा सके।

### 44वीं छात्रकला प्रदर्शनी के पुरस्कारों की घोषणा

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी की 44वीं छात्रकला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने राज्य के 10 छात्र-छात्राओं की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य घोषित किया है। अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इसमें जयपुर की किरण कोली की इकोज आफ ए लॉस्ट हैवन-3, अनन्या दलवी की स्ट्रींग आफ फेट, शिशुपाल पटेल की मिटोसिस, किरण तातावत की अनब्रोकन बॉण्डस, भानू प्रिया जांगिड की मेजेशियन व नताशा भारद्वाज स्पलेश ऑफ जॉय विषयक, नागौर के हेमन्त चौहान की संभवत एकीकरण-1, अजमेर की गरिमा इन्दौरा की अनटाईटिल्ड, बांसवाड़ा के निशांत श्रीमाली द मानसून, कोटा के लोकेश गुर्जर की गर्भजीवन, पर आधारित कलाकृति का चयन किया गया है।

# राजस्थान विधानसभा के गेट पर तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया रेवेन्यू अफसर

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार रात को जयपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रेवेन्यू अफसर को 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथो ट्रैप किया है. अधिकारी का नाम युवराज मीणा है. खबर के मुताबिक अधिकारी अपने साथ एक प्राइवेट व्यक्ति को लेकर आया था. जिसे उसने राजस्थान विधानसभा की गेट पर उतारा और जैसे ही वह उतरा,ष्ठ्ठके अधिकारियों ने उसे और आगे घुमाव पर रेवेन्यू अधिकारी को रंगे हाथों पकड़ लिया।



### यूडी टैक्स वसूलने वाली कंपनी से मांगे थे 3 लाख रुपये

एसीबी के एएसपी अभिषेक पारीक ने बताया कि अक्टूबर-नवंबर में अलवर में यूडी टैक्स वसूलने वाली कंपनी ने टेंडर लिया था. नगर निगम के रेवेन्यू ऑफिसर (आरओ) युवराज मीणा ने इस कंपनी से रिश्वत की मांग की थी. वह कंपनी के कामकाज की फाइल आगे नहीं बढ़ा रहा था और फ़ाइल आगे बढ़ाने के बदले उसने 3 लाख रुपये की मांग की थी.

### विधानसभा के गेट पर ली रिश्वत

कंपनी के प्रतिनिधि ने अधिकारी को जयपुर में विधानसभा के गेट के पास 3 लाख रुपये दिए. युवराज मीणा अपनी कार से एक प्राइवेट व्यक्ति को लेकर आया, जिसने गेट पर यह रिश्वत ली. जिसके बाद एसीबी ने घुमाव पर युवराज मीणा को भी गिरफ्तार कर लिया।

### 5 लाख रुपये की की थी मांग

एसीबी ने राजस्व अधिकारी के साथ साथ दलाल मुकेश को भी गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक अलवर नगर निगम में यूडी टैक्स का टेंडर लेने वाली कंपनी से जुड़े परिवादी ने एसीबी में शिकायत की थी. अधिकारी ने डेटा कलेक्शन रिपोर्ट को वेरिफाई करने के एवज में रिश्वत मांगी थी. खबर के मुताबिक कुल 5 लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई थी, जिसके बाद मंगलवार रात को 3 लाख रुपए रिश्वत लेते एसीबी ने राजस्व अधिकारी युवराज मीणा और दलाल मुकेश को,ष्ठ्ठ ने गिरफ्तार कर लिया।

### सलूम्बर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 बदमाशों से चोरी की 24 बाइक बरामद



### 100 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले, एक चोरी करता तो दूसरा गैराज मालिक से खरीदता

● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर ।** जिले के सलूंबर थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से चोरी की गई 24 बाइक बरामद की है। थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि एसपी राजेश यादव के निर्देशन में एक विशेष टीम का ग?ठन किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए करीब 100 से ज्यादा स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ करते हुए अपराधियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई।

#### एक को डिटेन किया तो खुला राज

पुलिस ने एक बदमाश को डिटेन कर पूछताछ की तो पता लगा कि बदमाशों ने सलूंबर, उदयपुर, बांसवाड़ा और केसरियाजी आदि स्थानों पर बाइक चोरी की घटना की अंजाम दिया। आरोपी मौज-शौक के लिए चोरी करते थे। आरोपियों से अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई 24 बाइक बरामद की है। प्रार्थी कपिल पिता गेबीलाल मीणा ने थाने में शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि उसने उसकी बाइक 17 दिसंबर 2024 को रसोई होटल के पीछे पार्क की थी। सुबह देखा तो बाइक वहां से गायब थी। कुछ दिन बाइक को इधर-उधर बहुत तलाशा लेकिन नहीं मिली।

#### भीड़भाड़ वाले स्थानों से चुराते थे बाइक

आरोपी घटना को अंजाम देने से पहले अपना मोबाइल बंद रखते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर रैकी करते थे। रात के समय मकानों के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने के आदि थे। चोरी की गई बाइक्स को बेचकर मौज शोक करने करते थे। पुलिस ने आरोपी दिनेश पिता हुका मीणा भोराई पाल सेमारी और कांतिलाल पिता शिवलाल मीणा निवासी सुरो का कुआं सलूंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी कांतिलाल का दुदर कालबेलिया बस्ती के सामने मोटर साइकिल गैराज है। वह चोरी की हुई बाइक्स को खरीदता था।

### पुलिस ने रोका तो ड्राइवर घबराया, गुजरात तस्करी की फिराक में था

### कार से पकड़ी अवैध शराब, तस्कर गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया




**डूंगरपुर ।** धम्बोला थाना पुलिस ने पुनावाडा-ढूंढरिया रोड पर नाकेबंदी के दौरान शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। पुलिस ने कार से 8 कार्टन शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस तस्कर से पूछताछ कर रही है। धम्बोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि मुखबिर के जरिये अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी।

इस पर पुलिस की ओर से पुनावाडा-ढूंढरिया मार्ग पर नाकेबंदी शुरू की गई। गाड़ियों की तलाशी के दौरान एक गुजरात नम्बर की कार को रुकवाया गया। ड्राइवर से पूछताछ की तो वह घबरा गया। इस पर पुलिस ने कार की तलाशी ली गई। कार में शराब के अवैध कार्टन भरे हुए थे। इस पर पुलिस ने कार ड्राइवर से शराब परिवहन के बारे में दस्तावेज मांगे, लेकिन ड्राइवर के पास कोई दस्तावेज नहीं थे। जिस पर पुलिस ने कार से शराब के 8 कार्टन जब्त करते हुए रामसोर बड़ा निवासी तस्कर रतना पुत्र धना डामोर को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से शराब तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है।

### बर्ड सेंचुरी रिंग रोड पर घूमते हुए पकड़ा, कोतवाली थाना पुलिस की कार्रवाई

# एक लाख की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया




**डूंगरपुर ।** कोतवाली थाना पुलिस ने बर्ड सेंचुरी रिंग रोड से एक युवक गिरफ्तार किया है। युवक के जेब से 1 लाख रुपए की ब्राउन शुगर मिली है। जिसे युवक बेचने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस आरोपी से ब्राउन शुगर को लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एसआई अमृतलाल, एएसआई दिलीप सिंह, बस स्टैंड चौकी इंचार्ज लक्ष्मण सिंह, कॉन्स्टेबल पंकज कुमार, नरेंद्र सिंह और उज्ज्वल की टीम बर्ड सेंचुरी रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने कर युवक घबरा गया। पुलिस ने उसके पेंट की जेब की तलाशी ली। तलाशी में पेंट से एक प्लास्टिक की थैली ने ब्राउन शुगर मिली। ब्राउन शुगर को लेकर कोई जवाब नहीं दे सका। पकड़ी गई 11.24 ग्राम ब्राउन शुगर की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी करते सुदेश उर्फ सुभाष उर्फ सुगला (33) पुत्र चुन्नीलाल डेंडोर निवासी कुशाल मगरी बिलड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से ब्राउन शुगर तस्करी के बारे में पूछताछ कर रही है।

# रतनपुर बॉर्डर पर ट्रक से पकड़ी अवैध शराब

### दो तस्कर गिरफ्तार, सोप स्टोन पावडर की आड़ में तस्करी कर ले जा रहे थे गुजरात

● पदमावत मीडिया




**डूंगरपुर ।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक ट्रक से राजस्थान निर्मित अवैध शराब के 5 कार्टन पकड़े हैं। इसके साथ ही पुलिस ने 2 तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोप स्टोन पावडर की आड़ में तस्करी कर शराब गुजरात ले जा रहे थे। बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि शराब की अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक आइसर ट्रक को रूकवाया। ड्राइवर विजय कुमार पुत्र रमेश भाई परमार निवासी कटाडिया देमई जिला अरवल्ली गुजरात ओर पास में बैठे किशन सिंह झाला पुत्र लालसिंह झाला निवासी परतापुरा देमई अरवल्ली गुजरात होना बताया। ट्रक में सोप स्टोन पावडर भरा होना बताया, लेकिन पुलिस को शक होने पर तिरपाल हटाकर तलाशी ली। ट्रक में सोप स्टोन कट्टों की आड़ में राजस्थान निर्मित अवैध शराब के कार्टन भरे हुए मिले, जिसे तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ड्राइवर समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस शराब तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है।

### उदयपुर के वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट निर्मल पंडित संगठन के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

# सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं सामाजिक सेवा निर्माण श्रमिक फाउंडेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की नियुक्ति

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं सामाजिक सेवा निर्माण श्रमिक फाउंडेशन नई दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पद उदयपुर के एडवोकेट निर्मल पंडित को नियुक्त किया गया है। राष्टीय अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार गौतम के आदेशानुसार राष्टीय महासचिव सौरभ गुप्ता ने वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट निर्मल पंडित को राजस्थान का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। निर्मल पंडित इससे पहले भी कई सामाजिक संगठनों से जुडे हुए हैं। श्री पंडित उदयपुर संभाग क्षेत्र में मानव सेवा, गरीबों की मदद, दिनदुखियों की सेवा तथा हर जरुरतमंद व्यक्ति की सदैव सेवा करने में अग्रसर हैं। निर्मल पंडित संगठन के राजस्थान ईकाई की जिम्मेदारी संभालने के बाद राजस्थान राज्य में अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे। राजस्थान के प्रत्येक जिले में जिला कमेटी गठित करेंगे और संगठन को मजबूत बनायेंगे। वे दुर्बल बेसहारा, जरुरतमंद व्यक्ति, असंगठित मजदूरों के अधिकारों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय पर मिले, अनाथ, बेसहारा बच्चों की मदद, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को विधिक सहायता उपलब्ध करवाएंगे। मजदूरों के लिए जिला प्रशासन व सरकार के साथ समन्वय स्थापित करके सरकार के सहयोग से समय-समय पर श्रम, हेल्थ व वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविरों का आयोजन करवाकर असंगठित मजदूरों को लाभान्वित करवाने का कार्य करेंगे। साथ ही अपनी सामाजिक सुरक्षा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

# राजस्थान में पुलिस महानिदेशक बनकर घूम रहा था टैक्सी ड्राइवर, पकड़े जाने पर सामने आई हैरान कर देने वाली बात

● पदमावत मीडिया

**टोंक ।** देश में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर घूमने के कई मामले सामने आ चुके हैं. ठगों की अब इतनी हिम्मत बढ़ गई है कि अब लोगों के साथ फर्जीवाड़ा करने के लिए फर्जी पुलिस बनने से भी नहीं कतराते हैं. इतना ही नहीं फर्जी करने के लिए केवल पुलिस ही नहीं बल्कि फर्जी पुलिस महानिदेशक तक बन जाते हैं. राजस्थान में ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां एक टैक्सी चालक पुलिस महानिदेशक अधिकारी बनकर घूम रहा था. इसके लिए बकायदा उसने स्कॉर्पियो गाड़ी पर लाल और नीली बत्ती भी लगा रखी थी. मामला तब उजागर हुआ जब वह लोगों पर अपनी अधिकारी होने का रोब झाड़ रहा था। घटना राजस्थान के टोंक जिले की है. जहां बरौनी थाना क्षेत्र के जामडोली गांव का रहने वाला लोकेश मीणा स्कॉर्पियों गाड़ी में पुलिस महानिदेशक का नेम प्लेट लगाकर घूम रहा था. लेकिन उसे पता नहीं था कि अगर असली पुलिस सामने आएगी तो उसके पसीने छूट जाएगी. पुलिस अब लोकेश का रिकॉर्ड खंगाल रही है।



### खुद को बताया जयपुर में तैनात पुलिस अधिकारी

टोंक जिले के बरौनी थाना क्षेत्र के नोहट्टा मोड़ पर बीते मंगलवार रात के समय डीजी की प्लेट और लाल नीली लाइट लगी स्कॉर्पियो गाड़ी में ख़ाकी वर्दी पहने लोकेश मीणा घूम रहा था।

वहीं वह अपने आपको जयपुर में तैनात एक पुलिस अधिकारी बता वहां मौजूद लोगों को हर तरह का काम कराये जाने का झांसा देते हुए अपना रुआब झाड़ रहा था. लेकिन उसी समय किसी ने असली पुलिस को जब इस फर्जी पुलिस अधिकारी की सूचना दे दी तो पहले निवाई और बाद में बरौनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची. उसके बाद पुलिस ने गाड़ी में सवार तथाकथित पुलिस अधिकारी बने युवक से पूछताछ शुरू की तो वह पहले तो अपने आपको जयपुर में तैनात बताया. लेकिन जैसे ही पुलिसकर्मियों ने उसे उसके उच्च अधिकारियों से बात कराने के लिये कहा तो वह कुछ ही देर में सच उगल दिया।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह

# नुकक्ड नाटक के माध्यम से सडक सुरक्षा का दिया संदेश



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 के दौरान आज सलुम्बर शहर में यातायात चौकी पर बहुमुखी सांस्कृतिक दल के द्वारा नुकक्ड नाटक एवं कठपूतली का आयोजन कर नगरवासियो को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्रसिंह गुलिया के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सलुम्बर के विधार्थियों को सड़क सुरक्षा के यातायात नियमों, गुडसेमेरिटन, तेज गति वाहन न चलाने, हेलमेट लगाने, गलत दिशा में वाहन संचालन नहीं करने, अन्डर एज ड्राइविंग, अवैध पार्किंग, वाहन संचालन के समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, सेफ्टी गियर्स (हेलमेट एवं सीट बेल्ट) का उपयोग करना इत्यादि की जानकारी प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मेवाड़ वागड़ की अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए सांसद रावत ने ली कृषि एवं वानिकी वैज्ञानिकों की बैठक



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सांसद डॉ. मन्नालाल रावत की अध्यक्षता में मेवाड़ एवं वागड़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सपनों के अनुरूप विकसित भारत 2047 के लिए आवश्यक बदलाव लाने के लिए एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए स्थानीय जलवायु के अनुरूप समावेशी विकास हेतु आज कृषि वैज्ञानिकों एवं वन विशेषज्ञों की एक बड़ी बैठक जिला परिषद स्थित सांसद कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में अरावली पर्वत श्रृंखला की जलवायु के अनुकूल उद्यानिकी विकास, कृषि विकास, एकीकृत कृषि अवधारणा एवं वृहत् स्तर पर फल उत्पादन के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं संभावित क्रियाविधि के बारे में चर्चा की गई। सांसद, उदयपुर के प्रस्ताव के अनुरूप आईसीएआर द्वारा मेवाड़ में सीताफल गुणवत्ता बढ़ाने के लिए टीसूकल्चर आधारिक स्वीकृत प्रोजेक्ट हेतु मान पीएम नरेंद्र भाई मोदी व कृषि मंत्रालय भारत सरकार का धन्यवाद किया।
बैठक में वन विभाग, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर; काजरी जोधपुर एवं आफरी जोधपुर सहित उद्यानिकी, वन एवं कृषि कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे। बैठक में अब तक के शोध परियोजनाओं, इसराइल के राजस्थान में अनुप्रयोग व भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र जैसी संस्थाओं के संचालित परियोजना के अनुभव भी शेयर किए गए। बैठक में सांसद डॉ रावत ने बताया कि संचालित परियोजनाओं में और प्रभावी कर एकीकृत करने के लिए भारत सरकार की धरती आबा जनजाति उन्नत ग्राम अभियान के साथ ही डीएमएफटी या सीएसआर फंड की दिशा निर्देशों को भी जोड़कर नवीन कार्य किया जा सकते हैं।
बैठक में आईसीएआर काजरी के प्रमुख डॉ. ए.के.शुक्ला, वरिष्ठ अधिकारी प्रो.आर.एल सोनी, डॉ. अमित त्रिवेदी, अनुराग भटनागर, डॉ.वीरेन्द्र सिंह, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ.राजेश्वरी राणावत, डॉ. कैलाश शर्मा मुकेश सैनी आदि संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पीएमसीएच के निःशुल्क जाँच शिविर में संगिनी मेन ग्रुप उदयपुर ने लिया स्वास्थ्य लाभ



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से संगिनी मेन ग्रुप उदयपुर के लिए निःशुल्क जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में जनरल मेडिसिन विभाग,स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विभाग,वक्ष एवं क्षय रोग विभाग,चर्म रोग विभाग,शिशु रोग विभाग,जनरल सर्जरी,दन्त रोग विभाग,नाक-कान-गला रोग विभाग,नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको ने 65 से ज्यादा ग्ररुप मेम्बरों की निःशुल्क जॉच की। ग्रुप अध्यक्ष डॉ.प्रमिला जैन ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में सभी तरह के ब्लड व यूरिन के टेस्ट के साथ ही ईसीजी,ईको,एक्स-रे,सोनोग्राफी,मैमोग्राफी आदि स्वास्थ्य सम्बन्धी जांचे पीएमसीएच द्वारा निःशुल्क की गई। इस शिविर में संगिनी बहनों के साथ ही उनके जीवनसाथी की भी सभी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जांचे करवाई गई। शिविर में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमन अग्रवाल एवं सीईओ शरद कोठारी ने ग्ररुप के सदस्यो का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।
शिविर को सुव्यवस्थित सम्पन्न करवाने में पीएमसीएच के डीन स्टूडेंट्स वेल्फेयर डॉ.एम.जी वार्ष्णेय के नेतृत्व में हॉस्पिटल स्टॉफ एवं टेक्निकल टीम के साथ ही शिविर व्यवस्थापक शंकर सुखवाल का विशेष सहयोग रहा। शिविर में डॉ प्रमिला जैन के साथ स्नेहलता पोरवाल,कमला नलवाया,डॉ.शिखा,लाजवंती धाकड़ विमला जैन, मंजू मेहता,सुधा खाब्या,करुणा डूंगरवाल,संजीता रानी कोठारी, शकुंतला पगारिया,विजयकान्ता बाबेल,शीला सरूपरिया,शांता जवेरिया,त्रिशला दक,अल्पा पोरवाल आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

# नीमच पुलिस ने चोरी की वारदात का किया पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

## 18 लाख नगद, सोना और हीरे बरामद



● पदमावत मीडिया

**भोपाल,नीमच।** पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अंकित जायसवाल ने जिले में चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी, लूट जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया था। इन निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसौदिया और नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में नीमच पुलिस ने घर से लाखों रुपये नकद और सोने-हीरे के आभूषण चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों से 18 लाख रुपये नगद, 330 ग्राम सोना, 76 हीरे के नग, एक अल्टो कार, एक टाटा ट्रक और एक प्लॉट की रजिस्ट्री बरामद की है। यह मामला तब सामने आया जब 28 दिसंबर 2024 को फरियादी अनिल नागौरी (60 वर्ष), निवासी विकास नगर, नीमच, ने थाना नीमच कैंट में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ने बैंक के लॉकर में रखने के लिए सोने और हीरे जड़े आभूषण निकालने के लिए अलमारी खोली, लेकिन वे गायब थे। साथ ही दूसरी अलमारी में रखी लाखों रुपये की नगदी भी चोरी हो चुकी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सबसे पहले घर में काम करने वाले व्यक्तियों और आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की। जांच के दौरान फरियादी के घर में काम करने वाले संदेही दिलीप सिंह (24 वर्ष), निवासी नीमच, को हिरासत में लिया गया। गहन पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अपने साथी का नाम भी उजागर किया। पुलिस ने आरोपियों से त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 लाख रुपये नगद, 330 ग्राम सोना, 76 हीरे के नग, एक अल्टो कार, एक टाटा ट्रक और एक प्लॉट की रजिस्ट्री जब्त की। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने जनता से अपील की कि वे अपने घरों और संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# डांगी समाज खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर पत्रक का विमोचन

## पत्रक के साथ पीले चावल देकर गांव गांव दिया जाएगा निमंत्रण



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर में 13 और 14 जनवरी को आयोजित होने वाली 37वी डांगी समाज खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को एक पत्रक का विमोचन किया गया। रॉयल खेड़ा स्टेडियम पर समाज के वरिष्ठों के साथ खेल संघ के पदाधिकारीयो ने पत्रक का विमोचन किया। 14 जनवरी को कानपुर खेड़ा स्थित स्टेडियम पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन को लेकर डांगी पटेल समाज द्वारा इस पत्रक का विमोचन किया गया है। अब खेल संघ के पदाधिकारी और समाज के वरिष्ठ प्रत्येक गांव में पत्रक के साथ पीले चावल देकर लोगों को 13 और 14 जनवरी को कार्यक्रम में आने आमंत्रण देंगे। इस दौरान समाज के मोतबीर फूफा पटेल, बालू पटेल, गोपाल पटेल, खेल संघ के सचिव रमेश डांगी, उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी जिला परिषद सदस्य शंकर लाल डांगी, दुदाराम डांगी, गेहरीलाल डांगी,प्रकाश डांगी,दिनेश डांगी वार्ड पंच रमेश डांगी, नारायण डांगी,किशन डांगी मोतीलाल डांगी, ताराचंद डांगी मोहन डांगी, गणेश लाल डांगी सहित कई सदस्य भी मौजूद रहे। आयोजन समिति के सदस्य गेहरीलाल डांगी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर समाज की टीमों का गठन कर गांव गांव भेजा जा रहा है जिसका नेतृत्व गिरवा चौखला के गोपाल पटेल कर रहे हैं। समाज में प्रत्येक गांव में पीले चावल देकर आमंत्रण दिया जा रहा है । मेवल क्षेत्र में हीरालाल डांगी अंबालाल डांगी 14 जनवरी को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर लोगों को आमंत्रण दे रहे हैं।

# जागृत युवा ही देश के विकास में सहायकः डॉ सुकलेचा



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा उदयपुर द्वारा निंबार्क शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मे मुख्य वक्ता डॉ पुखराज सकलेचा ने बताया कि भारत तभी समर्थ बनेगा, जब युवा जागृत होगा। आज भारत किसी भी क्षेत्र में कार्य करने में सक्षम है चाहे वह कृषि क्षेत्र ,शिक्षा, खेल,टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष , स्टार्टअप, चिकित्सा के क्षेत्र हो सभी में भारत ने अपना परचम लहराया है। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि युवाओं को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा की अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान को सुधारे, भारत फिर से सोने की चिड़िया बन सकता है। उसके लिए सभी के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। डॉ राजमल लखदार ने केंद्र परिचय दिया स्वामी जी के जीवन के बारे में बताया।
भूपेंद्र शर्मा ने ध्यान का अभ्यास करवाया और विवेकानंद केंद्र की कार्य पद्धति, महाविद्यालय के युवाओं को अपनी संस्कृति के बारे में जागृत रहने के लिए आवाहन करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति,योग ,ध्यान , को अपना कर अपने क्षेत्र में सर्वस्व योगदान देवे जो कि भारत को पुनः विकसित देश की श्रेणी में ला सके। गीता मर्मज्ञ सुभाष चंद्र मेहता ने गीता का संदेश दिया। गीता परिवार उदयपुर के प्रचारक गोपाल कनेरिया द्वारा करवाए गए सर्वे भवंतु सुखिन सभी सुखी रहे, सभी प्रसन्न रहे, सभी स्वस्थ रहें, कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## देवनानी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

# सोलहवी राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र शुक्रवार 31 जनवरी से

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** सोलहवी राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र शुक्रवार 31 जनवरी से होगा। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को विधान सभा सत्र की तैयारियों की जानकारी ली। देवनानी ने सत्र से संबंधित आवश्यक निर्देश विधान सभा के अधिकारियों को दिये। देवनानी ने बताया कि 31 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे अभिभाषण देने के लिये विधान सभा पहुंचेगे। विधान सभा पहुँचने पर अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, राज्यपाल बागडे का स्वागत करेंगे। राज्यपाल को विधान सभा में आरएसी बटालियन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। राज्यपाल को प्रोसेशन के साथ सदन में ले जाया जायेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा 31 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे आहूत किये गये सोलहवी राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र की अधिसूचना विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा द्वारा बुधवार 08 जनवरी को जारी की गई।

# शिक्षा विभागः पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक

● पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बुधवार को शिक्षा संकुल सभागार में पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलेवार एडीपीसी, सीडीओ, पीओ और संस्था प्रधानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया। बैठक में पीएम श्री विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं सहित सिविल कार्य, सोलर पैनल लगाने और खेल सामग्री की खरीद एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी जिलों को शीघ्रता से बकाया धनराशि को विद्यालयों को स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लर्निंग एन्हांसमेंट के तहत विद्यार्थी को शिक्षक लगाकर शिक्षण से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता से पूर्ण करने और नागरिकता कौशल की गतिविधियां गणतंत्र दिवस पर आयोजित करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही खेल सामग्री की खरीद में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और जनवरी में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों और हेल्थ कैंप के लिए तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चतुर्वेदी ने जिलेवार समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने का सुझाव दिया। अतिरिक्त परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर ने जिलावार गतिविधियों के संबंध में समीक्षा की और आगामी दिनों के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए।

# बीएन स्कूल की छात्रा सुश्री तमन्ना कुंवर का रग्बी फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** 68 वीं राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बी एन स्कूल की छात्रा सुश्री तमन्ना कुंवर सारंगदेवोत का स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राजस्थान टीम में चयन हुआ। विद्या प्रचारिणी सभा के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ व जोइंट सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह ताणा ने इस उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह चुंडावत ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता पटना बिहार में भाग लेकर राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व कर विद्यालय एवं संस्थान का नाम रोशन किया शारीरिक शिक्षक श्रीमान नाहर सिंह झाला ने उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी।

# लसाडिया में आधार मशीन नहीं होने के सम्बंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** लसाडिया उपखण्ड में एक भी आधार मशीन संचालित नहीं होने के बारे में खबर प्रकाशित की गई है इस बारे में उप निदेशक डीओआईटी जीवन राम मीणा ने बताया कि लसाडिया में वर्तमान में पांच पोस्ट ऑफिस में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के नामांकन हेतु आधार किट संचालित है, यह आधार किट ग्राम पंचायत घाटा, धामनिया, लसाडिया, देवलिया व भरेव की पोस्ट ऑफिस में संचालित है। इसके अतिरिक्त हाल ही तकनीकी कारणों से बंद हुई कालीभीत ग्राम पंचायत हेतु आवंटित किट को सुचारू करने हेतु यू.आई.डी.ए.आई. मुख्यालय में निवेदन किया हुआ है जिसके 10 से 15 दिन में सुचारू होने की संभावना है। साथ ही 5 वर्ष से अधिक आयु वर्ग हेतु पूर्व में दो बार पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर लगाए जा चुके हैं। पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थाई आधार केंद्र स्थापना की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। 5 वर्ष से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए सलूंबर जिले में ही लसाडिया की तरफ सलूंबर उपखण्ड की ग्राम पंचायत सराड़ी, खरका व मैथुडी और सराडा उपखण्ड की ग्राम पंचायत जावद में भी आधार मशीन संचालित है।

## शहरवासी जीतो प्रीमियर लीग का उठा रहे हैं आनंद

# लेकसिटी की 21 युवा खेल प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** फील्ड क्लब मैदान पर जारी जीतो प्रीमियर लीग का रोमांच देर रात तक दर्शकों को बांधे रख रहा है। जीतो उदयपुर चैप्टर द्वारा आयोजित सकल जैन समाज के इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 52 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें 36 टीमें पुरुष वर्ग और 16 टीमें महिला वर्ग से हैं।जीतो के चेयरमैन यशवंत आंचलिया ने बताया कि टूर्नामेंट का दूसरा दिन भी बेहद रोमांचक रहा। पहले दिन 8 और दूसरे दिन 7 मुकाबले फील्ड क्लब मैदान पर खेले गए। लीग निदेशक नितुल चंडालिया ने जानकारी दी कि बुधवार को शहर की 21 युवा खेल प्रतिभाओं को खेल रत्न से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट की खास बात यह है कि सभी मैच दिन और रात में दूधिया रोशनी के बीच खेले जा रहे हैं। लोकेश कोठारी के अनुसार, सभी मुकाबले 6-6 ओवर के हैं और कुल 572 खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

# राव बहादुर ठाकुर राजसिंह बेदला स्मृति अखिल राजस्थान अंतर्महाविद्यालय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 10 जनवरी को

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की संघटक इकाई भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय वर्तमान परिस्थिति में एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रासंगिक है। विषय पर राव बहादुर ठाकुर राज सिंह बेदला स्मृति अखिल राजस्थान अंतर्महाविद्यालय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 10 जनवरी, 2025 को प्रातः 10-00 बजे महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में करने जा रहा है। अधिष्ठाता डॉ रेणू राठौड़ ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में विजेता महाविद्यालय को चल वैजयंती के रूप में रजत मयूर प्रदान किया जाएगा। संयोजक डॉ चंद्र रेखा शर्मा ने बताया कि प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 4000 तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 3000 प्रदान किए जाएंगे।

# स्वच्छता उद्यमी योजना (नमस्ते) के प्रस्ताव 20 फरवरी तक आमंत्रित

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।** अनुजा निगम की ओर से स्वच्छता उद्यमी योजना (नमस्ते) योजना के तहत ऋण के प्रस्ताव 20 फरवरी तक आमंत्रित किये गये है। निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक ने वीना मेहरचंदानी ने बताया कि योजनान्तर्गत सफाई कर्मचारियों (सफाई मित्र) को सफाई मशीन यथा गटर टैंक एवं ट्रेक्टर, मोबाइल टॉयलेट, सुलभ शौचालय निर्माण-कंपोस्ट खाद का वाहन व कचरा संग्रहण के वाहन मशीन क्रय करने हेतु ऋण के प्रस्ताव ऑफलाइन आवेदन के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति मय मांग पत्र एवं कोटेशन सहित जारी कर जिला परिषद स्थित अनुजा निगम के जिला कार्यालय को 20 फरवरी भिजवा सकते हैं, ताकि सफाई कर्मचारियों को सफाई की मशीनों के लिए ऋण स्वीकृत किया जा सके। ऋण वितरण का कार्य पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जावेगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।